3/योo[illegible]क०-39/2023 – 90

बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

पत्र संख्या-

स्वीकृत्यादेश

(संख्या...../2026-27)

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक - 12-11-2026

विषय:- **वितीय वर्ष 2026-27 में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय अन्तर्गत संचालित बिहार सामाजिक संरक्षण परियोजना (बिस्प) के अन्तर्गत कर्मियों के मानदेय आदि के भुगतान हेतु बिहार आकस्मिकता निधि (8000) से राज्य स्कीम मद में प्राप्त रू० 3800.00 लाख (अडतीस करोड़) मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : स्वीकृत।

दिव्यांगजनों, वृद्धजनों एवं विधवाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं देखभाल संबंधित सेवाओं की स्थापना तथा विस्तारीकरण एवं सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों एवं सेवाओं के संवितरण के सुदृढीकरण हेतु विभागीय क्षमतावर्धन हेतु सामाजिक सुरक्षा निदेशालय अन्तर्गत बिहार सामाजिक संरक्षण परियोजना (बिस्प) संचालित है। वितीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यरत कर्मियों के मानदेय आदि के भुगतान के लिए बिहार आकस्मिकता निधि (8000) से राज्य स्कीम मद में प्राप्त रू० 3800.00 लाख (अडतीस करोड़) मात्र के व्यय की स्वीकृति निम्न प्रकार दी जाती है-

(राशि रू.लाख में)

क्र0	योजना का नाम	विपत्र कोड	विषय शीर्ष	पूर्व में स्वीकृत राशि	अतिरिक्त स्वीकृत राशि
1	2	3	4	5	6
1	बिहार सामाजिक संरक्षण परियोजना (बिस्प)	(51-2235021040110)	0110.31.06	1200.00	3800.00
योग: **(अडतीस करोड़ रू०)**					3800.00

2. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्ययन हेतु सामाजिक सुरक्षा निदेशालय (मुख्यालय) स्तर पर निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जिला स्तर पर सभी सहायक निदेशक/प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित हैं।

3. उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्गत आवंटनादेश के आधार पर ही राशि की निकासी एवं व्ययन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

4. राशि की निकासी एवं व्ययन वित्त विभाग के पत्रांक – /12888वि 0दिनांक03.12.2024-, पत्रांक /236वि० दिनांक09.03.2026 , /2956वि 0दिनांक25.03.2026 , पत्रांक 314/वि० दिनांक 01.04.2026 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

5. स्वीकृत्यादेश पर संचिका संख्या-3/यो0स०क०-39/2023 के टिप्पणी पृष्ट संख्या-13.../टि0 पर दिनांक-12-11-26.. को आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

6. यह स्वीकृत्यादेश संचिका संख्या-3/यो0स०क०-39/2023 के टिप्पणी पृष्ट संख्या-14.../टि0 पर दिनांक-12-11-26. को सचिव, समाज कल्याण विभाग के अनुमोदनोपरान्त निर्गत की जा रही है।

7. यह चालू योजना है। अतः महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

संयुक्त सचिव,

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-39/2023 -90 /...../दिनांक- 12-11-2026

प्रतिलिपि -महालेखाकार (लेखा परीक्षा) बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग/संयुक्त सचिव, वित्त विभाग (बजट शाखा)/विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग (बजट शाखा)/निदेशक, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/वरीय प्रशासी पदाधिकारी, सक्षम, अपना घर, बेली रोड, पटना/सभी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

संयुक्त सचिव,

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-39/2023 - 90 /...../दिनांक- 12-11-2026

प्रतिलिपि –वरीय कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन/वरीय कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना/वरीय कोषागार पदाधिकारी, विश्वैश्वरैया भवन, पटना/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

संयुक्त सचिव,

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-39/2023 - 90 /...../दिनांक- 12-11-2026

प्रतिलिपि –विभागीय आई०टी० मैनेजर, को सूचनार्थ एवं स्वीकृत्यादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

संयुक्त सचिव,